



## पाठ-बोध

**1. प्रश्नों के उत्तर दें—**

- **मौखिक** *(Oral)*

  i) बालक श्रीनिवास नए गाँव में अपनी दादी के साथ रहने आया था।

  ii) दादी और पोते को रहने की जगह साहूकार ने दी।

  iii) दादी साहूकार की पत्नी से रोटी उधार माँगने गई।

  iv) भिखारी ने दादी को एक दमड़ी दी।

- **लिखित** *(Written)*

  i) घर के पिछवाड़े का कूड़ा उठाकर सफ़ाई करना, पशुओं को चराना और उनके गोबर के उपले बनाकर बेचने से होनेवाली कमाई साहूकार को देना—साहूकार ने ये सभी काम किराये के बदले में बताए।

  ii) दादी साहूकार के घर का काम करने लगी और पोते ने गाँव में ही काम ढूँढ़ लिया।

  iii) दादी ने भिखारी के साथ दयालुता का व्यवहार किया। भिखारी को अपने और पोते के हिस्से का भोजन देकर उसकी भूख मिटाई।

  iv) भिखारी द्वारा दी गई दमड़ी जब सोने में बदल गई तो दादी-पोते ने सोना बेचकर सुंदर मकान बनाया, ज़मीन खरीदी, बैल खरीदे और इस प्रकार वे बड़े किसान बन गए।

  v) कहानी में दादी का पात्र सबसे अच्छा लगा क्योंकि दादी ने गरीब होते हुए भी भूखे भिखारी को अपने और पोते के हिस्से का भोजन देकर उसकी भूख मिटाई।

**2. उचित शब्द चुनकर खाली स्थान में लिखें—**

i) दादी और पोते ने साहूकार को ···प्रणाम··· किया।

ii) साहूकार ने भिखारी का ···स्वागत··· किया।

iii) भिखारी ने ···छककर··· भोजन किया।

iv) साहूकार का ···व्यवहार··· सभी के लिए बदल गया।

## व्याकरण-बोध

**1. लिंग बदलकर लिखें—**

साहूकार — ···साहूकारनी······

दादा — ···दादी···········

पोता — ···पोती···········

पति — ···पत्नी···········

भिखारी — ···भिखारिन·······

मालिक — ···मालकिन·······

2. ड, ड़, ढ, ढ़ से बननेवाले शब्द लिखें—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (ड) | — | डरना, डाल | (ढ) | — | ढकना, ढपली |
| (ड़) | — | दमड़ी, पड़ोसी | (ढ़) | — | बढ़ना, गढ़ना |

3. 'कि' अथवा 'की' लिखकर वाक्य पूरे करें—

i) दादी कपड़ों ...की... सिलाई करती थी।

ii) दादी ने देखा ...कि... एक भिखारी खड़ा है।

iii) भिखारी पिछवाड़े ...की... ओर आ गया।

iv) साहूकार समझ गया ...कि... यह करनी का फल है।

4. दिए गए सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाएँ—

मैं — मेरा नाम दिव्या है। **मैं** मंदिर जाती हूँ।

उन्हें — नेहा और लवी भोली हैं। **उन्हें** सब प्यार करते हैं।

हम — **हम** दिल्ली घूमने जाएँगे।

मुझे — **मुझे** क्रिकेट खेलना पसंद है।

तुम्हें — पीयूष और राहुल, **तुम्हें** प्रधानाध्यापिका जी ने बुलाया है।

- **अपनी मातृभाषा में इन पंक्तियों का अनुवाद करें—**

छात्र स्वयं करें। (Write yourself)